दिन– रविवार दिनांक– 16 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल शाम हुई यात्रियों की भगदड़ की घटना मे मरने वाले लोगों की संख्या 18 हो गई है। मृतकों में 11 महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। भगदड़ में कई लोग घायल भी हैं। अधिकारियों ने बताया है कि प्रयागराज जाने के लिए रेलगाड़ियों में सवार होने के लिए प्रतीक्षारत यात्रियों की भारी भीड़ के कारण यह भगदड़ हुई।

——————————————————

घटना में घायल लोगों को नई दिल्ली के लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के हेल्पलाइन नम्बर– नौ आठ सात तीन छह एक सात शून्य दो आठ और शून्य एक एक दो तीन पाँच शून्य एक दो शून्य सात पर संपर्क कर घायलों के संबंध में जानकारी ली जा सकती है।

——————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश पर घटना की जाँच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने जांच का काम शुरू कर दिया है। इस समिति में रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक नरसिंह देव और प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त पंकज गंगवार को शामिल किया गया है। समिति ने जांच के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की पूरी वीडियो फुटेज मांगी है। इधर, रेलवे ने घटना में मृतक के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का ऐलान किया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि मारे गये लोगों के परिजनों को दस–दस लाख रुपय और गंभीर रूप से घायलों को ढाई–ढाई लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जायेगी। श्री

उपाध्याय ने कहा कि इस घटना में मामूली रूप से घायल लोगों को एक–एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जायेगा।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा है कि उन्हें भगदड़ में कई लोगों मारे जाने पर बहुत दुख हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि वे भगदड़ की घटना पर व्यथित हैं और उनकी संवेदनाएं इस घटना में मारे गए लोगों के प्रियजनों के साथ हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने कहा है कि अधिकारी भगदड़ से प्रभावित लोगों को सभी तरह की सहायता प्रदान कर रहे हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताया है। उन्होंने हताहत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवदेना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री कुमार ने भगदड़ की घटना में मारे गए बिहारवासियों के निकट संबंधी को दो–दो लाख रुपये और घायलों को पचास–पचास हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी प्रगति यात्रा के दौरान आज भोजपुर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने जगदीशपुर के काकिला गांव में आयोजित समारोह में जिले के लिए चार सौ छह करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने शाहाबाद क्षेत्र के लिए कई विकास योजनाओं की घोषणा की। इन योजनाओं में जीरो माईल–असनी ओवर ब्रिज, पकड़ी चौक से बामपाली फोर लेन, आरण्य देवी मंदिर से आरा बक्सर फोर लेन पथ चौड़ीकरण, जीरो माईल आरा से पातर तक फोरलेन का निर्माण, शामिल है। इस के अलावा उन्होंने नगर विकास और आवास विभाग द्वारा सात निश्चय फेज टू के अंतर्गत आरा नगर निगम क्षेत्र में निर्माणाधीण स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम की जानकारी ली। श्री कुमार ने अधिकारियों को इसका निर्माण शीघ्र पूरा करने का निर्देश भी दिया। मुख्यमंत्री ने बाद में जिला मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भोजपुर जिले में चल रही विभिन्न विकास संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

———————————————————————————

शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलराम कुमार चौधरी ने पटना उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन नहीं कराने के आरोप में अरियरी थाना के अध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के बरियारपुर में आयोजित तीन दिवसीय अंग नाट्य महोत्सव का आज समापन हो गया। आयोजन में देश विदेश के चार सौ कलाकार शामिल हुए।

———————————————————————————

समाप्त